

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

22 नवंबर को अनिल कपूर, जॉन अब्राहम करेंगे पागलपंती

अनीज बाजमी की फिल्म पागलपंती 6 दिसंबर की जगह 22 नवंबर को रिलीज होगी। फिल्म में अनिल कपूर, जॉन अब्राहम और इलियाना डिक्रूज नजर आएंगे। फिल्म निर्माताओं ने रविवार को एक बयान में कहा कि फिल्म को पहले घोषित तारीख से पहले ही रिलीज कर दिया जाएगा। फिल्म की शूटिंग फिलहाल लंदन में चल रही है और इसमें अरशद वारसी, पुलकित सम्राट, कीर्ति खरबंदा, उर्वशी रौतेला और सौरभ शुक्ला भी हैं। फिल्म पागलपंती का निर्माण भूषण कुमार और कृष्ण कुमार की टी-सीरीज और कुमार मंगत पाठक व अभिषेक पाठक की पैनोरमा स्टूडियोज मिलकर कर रहे हैं। इसके सह-निर्माता आदित्य चौकसी और संजीव जोशी हैं।



जयललिता का किरदार निभायेगी कंगना रनौत

कंगना रनौत पिछली बार 'मणिकर्णिका: द क्वीन ऑफ झांसी' में दिखाई दी थीं। फिल्म में कंगना ने रानी लक्ष्मीबाई का किरदार निभाया था। कंगना अब तमिलनाडु की पूर्व मुख्यमंत्री जयललिता के किरदार में दिखाई देंगी। जल्द ही तमिल और हिंदी में बनने वाली इस फिल्म की शूटिंग शुरू हो जाएगी। कंगना ने यह कन्फर्म किया है कि वह अभिनेत्री से राजनेता बनीं जयललिता की बायॉपिक करने जा रही हैं। इस फिल्म का तमिल में नाम 'थलाइवी' और हिंदी में नाम 'जया' होगा। दोनों भाषाओं में बन रही इस फिल्म का निर्देशक विजय करेंगे।

जयललिता की बायॉपिक में कंगना को लिए जाने पर विजय ने कहा, 'जयललिता मैडम हमारे देश की एक बड़ी नेता थीं। उनकी जिंदगी पर फिल्म बनाना एक बड़ी जिम्मेदारी है और हम इसे ईमानदारी से पूरा करने जा रहे हैं। मुझे भारत की सबसे टैलंटेड ऐक्ट्रेस कंगना रनौत से जुड़ने पर खुशी है।'

इस फिल्म को के.वी. विजयेंद्र प्रसाद लिखेंगे जिन्होंने इससे पहले 'बाहुबली' जैसी सुपरहिट फिल्म लिखी है। कंगना ने इस फिल्म के बारे में कहा, 'जयललिता हमारे देश की एक सबसे सफल महिला थीं। वह अपने समय की सुपरस्टार थीं और उसके बाद राजनीति में भी सफल हुईं। उन पर बन रही फिल्म से जुड़कर मैं खुद को सम्मानित महसूस कर रही हूं।'

टीवी की सीधी-सादी बहू श्रद्धा आर्या हो गईं बोल्ड

आए दिन कोई न कोई टीवी एक्ट्रेस बोल्ड तस्वीरों को लेकर सुर्खियों में आ जाती हैं.

वहीं आज हम जिनकी बात करने जा रहे हैं उनका बोल्ड लुक फैंस को चौंका देगा. टीवी के सबसे मशहूर सीरियल कुंडली भाग्य की सीधी-सादी प्रीता यानी एक्ट्रेस श्रद्धा आर्या बोल्ड हो चुकी हैं. हाल ही में उन्होंने बेहद हॉट फोटोशूट करवाया है. ये तस्वीर उन्होंने अपने सोशल एकाउंट से जुड़े फैंस के साथ शेयर की हैं और सामने आते ही ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर जबरदस्त वायरल हो गई हैं. रील लाइफ की संस्कारी इमेज को श्रद्धा ने रियल लाइफ में बदल कर रख दिया है. वहीं ऐसे में कई फैंस के लिए तो उनके बोल्ड अवतार पर यकीन करना मुश्किल हो रहा है. जहां उन्हें ताबड़तोड़ तारीफें मिल रही हैं, वहीं ऐसे भी लोग हैं जिन्हें अपनी प्रीता का ये अवतार पसंद नहीं आ रहा है. बहरहाल, जो भी हो श्रद्धा आर्या का ये हॉट अवतार सुर्खियों में तो आ गया है. बात करें उनके काम की तो श्रद्धा यानी कि कुंडली भाग्य की प्रीता ने आते ही टीआरपी में ऐसी उड़ान भरी कि आज तक उन्हें नंबर 1 की पोजिशन से हटाना काफी मुश्किल हो गया है. टीआरपी की रेस में श्रद्धा का सीरियल कुंडली भाग्य टॉप 5 में तो शामिल है ही. इसके साथ ही श्रद्धा की फैन फॉलोइंग भी इस सीरियल के बाद जबरदस्त बढ़ी है. वहीं श्रद्धा इन दिनों सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं. हाल में उन्होंने अपने दोस्तों के साथ तौलिए पर डांस करते हुए वीडियो शेयर किया था. ये वीडियो भी काफी वायरल हुआ था. वहीं श्रद्धा का चुलबुला अंदाज भी सभी को पसंद आया था.

बहन इसाबेल के बॉलिवुड डेब्यू को लेकर उत्साहित हैं कटरीना

बॉलिवुड में अपनी जगह बना चुकी ऐक्ट्रेस कटरीना कैफ अब अपनी बहन इसाबेल कैफ के इंडस्ट्री में डेब्यू का इंतजार कर रही हैं। इसाबेल के डेब्यू को सफल बनाने के लिए कटरीना कोई भी कसर बाकी नहीं रखना चाहती हैं। हाल में अपनी बहन के डेब्यू पर कटरीना ने बात की और बताया कि वह अपनी पहली हिंदी फिल्म की शूटिंग पूरी कर चुकी हैं। खबरों के मुताबिक, इसाबेल भी अपने बॉलिवुड डेब्यू को लेकर काफी उत्साहित हैं। उन्होंने कहा कि फिल्म इंडस्ट्री में उनकी एंट्री का यह सबसे अच्छा टाइम है। इससे पहले इसाबेल ने अपनी बड़ी बहन कटरीना के बारे में कहा था कि निश्चित तौर पर उन्हें कटरीना का काफी सहयोग मिलेगा। उन्होंने कहा कि इंडस्ट्री में इतने एक्सपीरियंस वाले गाइड और सलाहकार का होना जरूरी है जो आपको बता सके कि आपको क्या करना है। बता दें कि इसाबेल जल्द ही सूरज पंचोली के साथ फिल्म टाइम टू डान्स से डेब्यू करने जा रही हैं। इस फिल्म में सूरज पंचोली एक स्ट्रीट डान्सर की भूमिका में दिखाई देंगे जबकि इसाबेल इसमें एक बालरूम लैटिन डान्सर के रोल में दिखाई देंगी। माना जा रहा है कि यह फिल्म इसी साल रिलीज होगी।